सजा है श्रीराम दरबार

श्रीराम राज्य अभिषेक विशेष भजन
(धुनः सतगुरुदेव के प्रसिद्ध भजन - सांवरिया ले चल परली पार)

सजा है श्रीराम दरबार,
राजा राम के राज्य-तिलक का, आज है शुभ दिन वार ।।

सिहांसन सियाराम बिराजै । तीनों भाई इत उत साजै ।।
चरणों में हनुमान खड़े हैं, शोभा अपरम्पार - सजा है.

गुरुवर तिलक राम को दीन्हां । माताओं ने आशिष दीन्हां ।।
सुर-नर,पुरुजन,परिजन जन-गण, बोलें जय जयकार - सजा है.

बाज रहे हैं अनहद बाजे । हर कोई झूमें हर कोई नाचे ।।
कनक भवन मंगल-धुन बाजे, हो रहा मंगलाचार - सजा है.

राजा राम अवधपति राजे । यथा योग्य सब लोग नवाज़े ।।
लूट मची है खूब **'मधुप हरि'** लूट रहा संसार - सजा है.

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'मधुप'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36904/title/saja-hai-shree-ram-darbar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |